हम-निवासी कैम्पेन का बच्चों के पढ़ने पर प्रभाव

गतिविधि की प्रकृति:- घर घर अभियान

गतिविधि दिनांक:- 25/09/2023 से 19/11/2023 तक (लगभग 1.5 महीना)

कुल प्रतिभागी:- 197 परिवार

क्षेत्र एवं स्थान:- वार्ड 19, सुल्तानपुर कोठी, दानापुर, पटना, बिहार

……………………………………………………………………………………………………

शीर्षक फ़ोटो

संपर्क व्यक्ति:- संजू देवी **पद:-** समंवयक

फोन:- 7319927045 **सहजकर्ता स्वयंसेवक:-** मंजू देवी

……………………………………………………………………………………………………

आयोजन से मुख्य संदेश:- माताओ द्वारा बच्चे के पढ़ने पर खुद ध्यान देना जरूरी है।

संक्षिप्त विवरण:- वार्ड 19 में सहजकर्ता के द्वारा घर-घर घूमकर माताओं को बताया जा रहा है कि आप अपने बच्चों का पढ़ने के स्तर का जाँच खुद से करें, बच्चों के पढ़ाई पर नियमित ध्यान दें, और बच्चों को कुछ आसान सहयोग दें (आसान सहयोग की विवरणी अनुलग्नक में है)।

हम-निवासी कैम्पेन क्रम में, माता के द्वारा जाँच के समय एक वाकया आया कि जब वे अपने बच्चे का पहली बार पढ़ने के स्तर का जाँच की तो बच्चा कुछ नही पढ़ पाया। सहजकर्ता ने कहा कि आप

अपने बच्चा को पढ़ाए, इस पर माँ ने अपने बच्चा पर 20 मिनट का समय उसी समय दिया, तो बच्चा दिया गया शब्द पढ़ लिया।

वार्ड 19, में कुल 179 बच्चों का पढ़ने के स्तर का जाँच उनके माताओं ने किया, जिसमें 26 बच्चों को कहानी नहीं पढ़ने आया। 25 दिन के बाद, उन बच्चों की माताओं ने ही दुबारा पढ़ने के स्तर का जाँच किया, उन 26 बच्चों में से 9 बच्चों को कहानी पढ़ने आ गया। 7 बच्चे शब्द पढ़ पाए वे पहले सिर्फ अक्षर ही पढ़ पाते थे।

यह एक शैक्षणिक कार्य न होते हुए भी बच्चे पढ़ना सीखे।

दूसरा महत्वपूर्ण प्रभाव - माताओं ने बच्चों के पढ़ने का स्तर का रिपोर्ट http://niwasi.in पर डाला। इस अप्लिकाशन से समुदाय स्तर पर बच्चों के पढ़ने का स्तर का रिपोर्ट बना। यह रिपोर्ट वहाँ निवासी सभा का चर्चा का आधार बना। हम-निवासी कैम्पेन का प्रभाव वहाँ निवासी सभा होना भी है।

संसाधन योगदान और वित्तीय रिपोर्ट

इस कार्यक्रम के लिए अलग से आय:- 0

इस कार्यक्रम के लिए अलग से व्यय:- 0

केन्द्रीय फंड से व्यय:- 4000 रुपया

फोटो गैलरी